बिहार सरकार
मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-155
25/03/2021

# मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई विधि व्यवस्था एवं मद्य निषेध से संबंधित उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक

मुख्यमंत्री के निर्देश–

- पर्व त्योहारों को देखते हुए पूरी सतर्कता रखें। होलिका दहन एवं शब–ए–बरात एक ही दिन है, इसको लेकर विशेष निगरानी रखें।

- कोरोना के बढ़ते मामलों को देखते हुए जहां तक संभव हो लोग घरों में रहें, सीमित संख्या में ही किसी भी सार्वजनिक आयोजनों में भाग लें। कोरोना के प्रति हम सबको सचेत और सजग रहना है।

- क्राइम कंट्रोल के लिए सभी जरुरी कदम उठाये जा रहे हैं। भूमि विवादों के समाधान से अपराध की घटनाओं में और कमी आयेगी।

- समाज में प्रेम और सौहार्द्र का माहौल रहेगा तभी किये जा रहे विकास कार्यों का वास्तविक लाभ राज्य के लोगों को मिलेगा।

- बड़े शहरों के शराब माफियाओं को पकड़ने के लिए विशेष अभियान चलायें। कोई कितना भी बड़ा व्यक्ति हो, अमीर हो, प्रभावशाली हो, किसी को भी छोड़ना नहीं है। पूरी सख्ती से कार्रवाई कीजिए।

पटना, 25 मार्च 2021 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में आज 1 अणे मार्ग स्थित नेक संवाद में विधि व्यवस्था एवं मद्य निषेध से संबंधित उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक हुई। बैठक के दौरान पुलिस महानिदेशक श्री एस0के0 सिंघल ने बताया कि अपराधों की समीक्षा जिलावार एवं थानावार की जा रही है। योजनाबद्ध तरीके से कार्य किये जा रहे हैं। स्पीडी ट्रायल कराकर दोषियों को सजा दिलवायी जा रही है। इन सबों के सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं।

अपर पुलिस महानिदेशक, विशेष शाखा श्री जे0एस0 गंगवार ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से विधि व्यवस्था की अद्यतन जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पर्व त्योहारों के दौरान सांप्रदायिक घटनाओं में कमी आयी है। पिछले 5 वर्षों में पर्व–त्योहारों के दौरान हुयी घटनाओं का विवरण

लिया गया है, जिसके आधार पर संवेदनशील एवं विवादित जगहों को चिन्हित कर साम्प्रदायिक मामलों की रोकथाम को लेकर सभी उपाय किये गये हैं।

अपर पुलिस महानिदेशक, विधि व्यवस्था श्री अमित कुमार ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से क्राइम कंट्रोल के लिए किये जा रहे कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भूमि विवाद को सुलझाने के लिए सप्ताह में एक दिन अंचलाधिकारी एवं थानाध्यक्ष के स्तर पर, महीने में दो बार अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के स्तर पर तथा महीने में एक बार जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक के स्तर पर बैठक की जा रही है। उन्होंने बताया कि थाने के स्तर पर इंवेस्टीगेशन एवं लॉ एंड ऑर्डर के अलग–अलग विंग बनाये जाने से कानून व्यवस्था की स्थिति में सुधार हुआ है।

पुलिस महानिरीक्षक, मद्य निषेध, श्री अमृत राज ने अपने प्रस्तुतीकरण में मद्य निषेध को लेकर किये जा रहे कार्यों की अद्यतन स्थिति, शराब विनष्टीकरण, देशी शराब एवं विदेशी शराब की रिकवरी, वाहनों की जब्ती आदि के संबंध में विस्तृत जानकारी दी।

बैठक के दौरान मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने कहा कि पर्व त्योहारों को देखते हुए पूरी सतर्कता बरतें। दुनिया के कई देशों एवं देश के कई राज्यों में कोरोना के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। बिहार में भी कोरोना के मामले बढ़ रहे हैं। कोरोना के बढ़ते मामलों को देखते हुए जहां तक संभव हो लोग घरों में रहें। सीमित संख्या में ही किसी भी सार्वजनिक आयोजनों में भाग लें। होलिका दहन एवं शब–ए–बरात एक ही दिन है। इसको लेकर विशेष निगरानी रखें। जनता के बीच जागृति का भाव पैदा करना है। सबको सचेत रहना है। आपस में विवाद पैदा करने वाले तत्वों पर विशेष नजर रखनी है। उन्होंने कहा कि भूमि विवाद के समाधान को लेकर सप्ताह में एक दिन अंचलाधिकारी एवं थानाध्यक्ष के स्तर पर, महीने में दो बार अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के स्तर पर तथा महीने में एक बार जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक के स्तर पर निश्चित रुप से बैठक करें। बैठक में कितने विवादों का समाधान हुआ, किस तरह के मुद्दे थे इन सभी चीजों की रिपोर्ट मुख्यालय भी अपने पास मंगवाकर उसका आकलन करे। 60 प्रतिशत क्राइम के मामले भूमि विवाद से संबंधित या आपस में संपत्ति विवाद को लेकर होते हैं। क्राइम कंट्रोल के लिए सभी जरुरी कदम उठाये जा रहे हैं। भूमि विवादों के समाधान से अपराध की घटनाओं में और कमी आयेगी। हमलोगों की कोशिश है कि समाज में प्रेम, सौहार्द्र एवं भाईचारे का माहौल बना रहे। आप लोग इसको लेकर सक्रिय एवं मुस्तैद रहें। समाज में प्रेम और सौहार्द्र का माहौल रहेगा तभी किये जा रहे विकास कार्यों का वास्तविक लाभ राज्य के लोगों को मिलेगा। कोरोना के प्रति हम सबको सचेत और सजग रहना है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि होली को लेकर विशेष सतर्कता बरतने की जरूरत है। शराब पीने और पिलाने वाले तत्वों पर विशेष नजर रखें। शराबबंदी के पूर्व जो लोग शराब के कार्यो में लिप्त थे उन गरीब गुरबा लोगों के रोजगार के लिए सतत् जीवकोपार्जन योजना चलायी जा रही है। देशी एवं विदेशी शराब के धंधे में लिप्त लोगों की गिरफ्तारी करें। बड़े शहरों के शराब माफियाओं को पकड़ने के लिए विशेष अभियान चलायें। कोई कितना भी बड़ा व्यक्ति हो, अमीर हो, प्रभावशाली हो, किसी को भी छोड़ना नहीं है। पूरी सख्ती से कार्रवाई कीजिए। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित करें कि डिस्ट्रिक्ट लेवल मॉनिटरिंग सेल की बैठक नियमित हो।

बैठक में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिलों के जिलाधिकारियों एवं पुलिस अधीक्षकों सहित प्रमण्डलीय आयुक्तों एवं रेंज के पुलिस महानिरीक्षकों/पुलिस उपमहानिरीक्षकों ने विधि व्यवस्था एवं मद्य निषेध को लेकर किये जा रहे कार्यों की अद्यतन जानकारी दी। सी0सी0ए0 प्रस्ताव, बेल कैंसीलेशन, वाहन नीलामी आदि के संबंध में भी जानकारी दी गयी।

बैठक में मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, पुलिस महानिदेशक श्री एस0के0 सिंघल, अपर मुख्य सचिव, गृह सह मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन, श्री चैतन्य प्रसाद, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, अपर पुलिस

महानिदेशक, सी0आई0डी0, श्री विनय कुमार, अपर पुलिस महानिदेशक, विशेष शाखा श्री जे0एस0 गंगवार, अपर पुलिस महानिदेशक, लॉ एंड ऑर्डर, श्री अमित कुमार, मद्य निषेध सह उत्पाद आयुक्त, श्री बी0 कार्तिकेय धनजी, पुलिस महानिरीक्षक, मद्य निषेध, श्री अमृत राज, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह उपस्थित थे, जबकि वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी प्रमण्डलीय आयुक्त, सभी रेंज के पुलिस महानिरीक्षक/पुलिस उपमहानिरीक्षक, जिलाधिकारी, वरीय पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक जुड़े हुए थे।

******